e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
सा0रां0:–03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे0–28/2023........747

प्रेषक,

कमलेश कुमार सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
बेल्ट्रॉन,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 14.02.2025

विषय :– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अन्तर्गत भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय सहित सभी सर्वर के रख–रखाव एवं संचालन हेतु कर्मियों की सेवा लेने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत State Data Centre (SDC) पर संधारित विभागीय सर्वर के अतिरिक्त भू–सर्वेक्षण में उपयोग किये जा रहे सर्वर को भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के अनुरोध पर प्रमंडलवार विभक्त करते हुए Configuration के साथ Storage Capacity को बढ़ाया गया है।

विदित हो कि राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रगति पर है, इस संबंध में उल्लेखनीय है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त अधिनियम की धारा–14 के अंतर्गत वर्तमान में चल रहे सर्वेक्षण में अभिलेखों की प्रति को डिजिटल प्रारूप में संधारित किया जाना है। बड़े पैमाने पर तकनीक आधारित किये जाने वाले इस कार्य को संबंधित सर्वर/सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जा रहा है। राज्य में बढ़ते भू–विवादों के समाधान हेतु किये जाने वाला यह सर्वेक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। इस आलोक में प्रमंडलवार विभक्त सर्वर एवं विभागीय सॉफ्टवेयर के रख–रखाव एवं सफल संचालन हेतु तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों की आवश्यकता है।

अतः कार्य की महत्ता को देखते हुए अनुरोध है कि सॉफ्टवेयर के रख–रखाव एवं संचालन संबंधी कार्य हेतु अपने स्तर से तकनीकी रूप से दक्ष 02 (दो) कर्मियों को प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाए। प्रतिनियुक्त किये गये कर्मियों को मानदेय का भुगतान भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा किया जायेगा।

राज्य हित में प्रतिनियुक्ति की कार्रवाई अविलंब करते हुए इसकी सूचना देने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

13/2/25

(कमलेश कुमार सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे0–28/2023........747........पटना, दिनांकः....14.02.2025

**प्रतिलिपि** : आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार, बिहार, पटना/श्री मो0 अली, प्रधान लिपिक/श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर/श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/2/25

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2023 Master Director File No.28 2023 13.02.2025.doc

CamScanner

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे0–28/2023.......747.......पटना, दिनांक: 14.02.2025

प्रतिलिपि : प्रमण्डल हेतु प्राधिकृत ~~हेतु~~ सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/2/25

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे0–28/2023.......747.......पटना, दिनांक: 14.02.2025

प्रतिलिपि : सचिव, सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।

13/2/25

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे0–28/2023.......747.......पटना, दिनांक: 14.02.2025

प्रतिलिपि : सचिव/अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13/2/25

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे0–28/2023.......747.......पटना, दिनांक: 14.02.2025

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/2/25

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

CamScanner